यशोदा जायो ललना मैं वेदन में सुन आई

यशोदा जायो ललना मैं वेदन में सुन आई,
मैं वेदन में सुन आई, पुरानन में सुन आई,
यशोदा जायो ललना.....

मथुरा में कान्हा जन्म लिया है,
गोकुल मैं बजे नगाड़े री मैं बेदन में सुन आईं,
यशोदा जायो ललना.....

ले वसुदेव चली गोकुल को,
यमुना ने चरण पखारे री मैं वेदन में सुन आई,
यशोदा जायो ललना.....

श्याम बदन पर पीली रंगोलियां,
याकेनैना भरे कजरारे री मैं बेदन में सुन आई,
यशोदा जायो ललना.....

कर श्रृंगार पूतना आई,
वाक्य क्षण में प्राण निकाले री मैं वेदन में सुन आई,
यशोदा जायो ललना.....

चंदन के पलना में कान्हा जी विराजे,
वाकी यशोदा नजर उतारे री मैं वेदन में सुन आई,
यशोदा जायो ललना.....

चंद्र सखी बाल कृष्ण छवि,
सब गांव में गीत बधाई री मैं वेदन में सुन आई,
यशोदा जायो ललना.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27513/title/yashoda-jayo-lalana-main-vedan-me-sun-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |